पत्र सूचना शाखा,
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने नववर्ष की बधाई दी

कल पूर्वान्ह 11 से 12 के बीच वरिष्ठ अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों से मुलाकात करेंगी

लखनऊः 31 दिसम्बर, 2019

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने नववर्ष के अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए उनके मंगलमय जीवन की कामना की है।

नववर्ष पर जारी अपने बधाई संदेश में राज्यपाल ने कहा है कि नववर्ष–2020 सभी के लिये सुख, समृद्धि और शांति से परिपूर्ण हो। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान, गरीबों एवं जरूरतमंदों की सहायता करने के साथ हम प्रदेश एवं देश के विकास में सहयोग का संकल्प लें।

श्रीमती आनंदीबेन पटेल नववर्ष के अवसर पर राजभवन में कल पूर्वान्ह 11:00 से 12:00 बजे तक वरिष्ठ अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों से मुलाकात करेंगी।

ओ0पी0राय / राजभवन